सिटी चीफ News

वर्ष-15, अंक-154
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

खुद को एक सोने के सिक्के जैसा बनाइये, जो कि अगर नाली में भी गिर जाए तो भी उसकी क़ीमत कम नहीं होती है..!!

# बिहार सिटी चीफ



CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, शनिवार 07 सितम्बर 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

### शराबबंदी के नाम पर गरीबों को सताया जा रहा

## समीक्षा करें नीतीश' मांझी ने फिर से उठा दी अपनी पुरानी मांग



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
सासाराम, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने एक बार फिर से अपनी पुरानी मांग उठा दी है। रोहतास के सासाराम पहुंचे मांझी ने कहा कि शराबबंदी के नाम पर बिहार में गरीबों को सताया जा रहा है। शराबबंदी अच्छी चीज है लेकिन उसके प्रावधानों में सुधार की जरुरत है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मांग की है कि वह एक बार फिर से शराबबंदी की समीक्षा करें।

दरअसल, सासाराम पहुंचे जीतनराम मांझी ने एक बार फिर शराबबंदी पर सवाल खड़े किए हैं तथा कहा है कि शराबबंदी के नाम पर गरीबों को सताया जा रहा है। शराबबंदी के चलते विषैला शराब का निर्माण अधिक हो रहा है। सरकार ने शराबबंदी की जब तीसरी बार समीक्षा की तो यह निर्णय लिया गया कि शराब पीने के परपस से अगर कोई शराब ले कर जा रहा है, तो उसे गिरफ्तार नहीं किया जाएगा लेकिन फिर भी गिरफ्तारी हो रही है।

उन्होंने सासाराम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कानून बना है, लेकिन कानून को सही तरीके से धरातल पर नहीं उतारा जा रहा है। वह सासाराम में पिछले महीने के 31 अगस्त को लोग जनशक्ति पार्टी रामविलास के कार्यकर्ता सरोज पासवान की हत्या के बाद उनके परिजनों से मिलने पहुंचे थे। बाद में उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि शराबबंदी अच्छी चीज है, शराब नहीं पीना चाहिए।

मांझी ने कहा कि शराबबंदी कानून में जो विकृतियों हैं, उसे दूर करना जरूरी है। क्योंकि शराब बनाने की एक प्रक्रिया है, जिसमें हफ्ते लग जाते हैं लेकिन धंधेबाज मात्र एक घंटे में शराब बना रहे हैं। ऐसे में वह शराब ज्यादा नुकसानदायक है। जो खासकर गरीबों के जीवन को बर्बाद कर रही हैं। उन्होंने सरकार से शराबबंदी कानून की पुन: समीक्षा की मांग की है।

### बोले मोतिहारी एसपी- शमशाद के पाक कनेक्शन की भी हो रही जांच

## नेपाल के रास्ते 3 बार गया जाली नोट खपाने कश्मीर गया



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
पूर्वी चंपारण, पूर्वी चंपारण पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने जाली नोट के सरगना सहित तीन तस्कर को लगभग दो लाख रुपया के जाली नोट के साथ गिरफ्तार किया था. तस्करों की गिरफ्तारी वाहन जांच के दौरान बंजरिया थाना क्षेत्र से हुई है. गिरफ्तार तस्कर से कई केंद्रीय एजेंसियों के अलावा स्थानीय पुलिस ने भी पूछताछ की है. गिरफ्तार तस्कर मो.नजरे शमशाद का तार पाकिस्तान से जुड़े होने की बात सामने आयी है.कश्मीर में उसके पास से एक लाख 95 हजार का जाली नोट, चोरी की एक बाइक और एक पिट्ठू बैग बरामद हुआ है. बरामद जाली नोट 500 रुपया के मूल्य के हैं. पुलिस और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के राडार पर मो.नजरे शमशाद पिछले कई वर्षों से था. शमशाद की गिरफ्तारी को लेकर कई बार जाल बिछाया गया. लेकिन, वह हर बार चकमा दे देता था या अपना प्लान बदल लेता था. लेकिन इस बार वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया. मो. नजरे शमशाद को काश्मीर का हैंडलर हैंडल करता था. जिस हैंडलर को काश्मीर में ही गिरफ्तार करने की बात सूत्र बताते हैं.एसपी कान्तेश कुमार मिश्रा ने बताया कि एक लाल रंग की बिना नंबर के मोटरसाइकिल से जाली नोट की खेप लेकर तीन लोगों के आने की सूचना मिली थी. प्राप्त सूचना के आधार पर एएसपी शिखर चौधरी के नेतृत्व में बंजरिया थाना की पुलिस और सूचना इकाई की एक टीम बनाई गई. पुलिस टीम ने शंकर ढाबा के पास नाकेबंदी कर सघन जांच शुरु किया. इसी दौरान एक बाइक पर तीन व्यक्ति आते हुए दिखे. जो पुलिस टीम को देखकर गाड़ी घुमाकर भागने लगे. जिन्हें खदेड़कर खड़वा पुल के पास गिरफ्तार किया गया.

### दो दिवसीय बिहार दौरा पर हैं जेपी नड्डा

## पटना IGIMS 188 करोड़ की लागत से नेत्र अस्पताल का उद्घाटन




**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
पटना, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा बिहार पहुंच चुके हैं. पटना एयरपोर्ट पर बीजेपी नेताओं ने भव्य स्वागत किया. पटना एयरपोर्ट से जेपी नड्डा मुख्यमंत्री आवास के लिए रवाना हुए, जहां सीएम नीतीश कुमार के साथ भोजन और राजनीतिक चर्चा करेंगे. आराम करने के बाद आईजीआईएमएस पटना परिसर में स्वास्थ्य सुविधाओं और वैलनेस सेंटर का उद्धघाटन करेंगे. बिहार के कई जिलों में कार्यक्रम तय किए गए हैं. इसके बाद भागलपुर के लिए रवाना होंगे. भागलपुर में जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक का उद्घाटन करेंगे. यहीं से गया के लिए रवाना होंगे. गया में अनुग्रह नारायण मेडकिल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक का उद्घाटन करेंगे. इस सब कार्यक्रम के बाद वापस पटना आएंगे और बीजेपी के नेताओं से मुलाकात करेंगे. जेपी नड्डा का अगले दिन 7 सितंबर को भी कार्यक्रम रखा गया है.

### जेपी नड्डा के कार्यक्रम में भारी बवाल

## बैठने के लिए आपस में भिड़ गए बीजेपी और हम कार्यकर्ता



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
गया, दो दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यक्रम में भारी बवाल हो गया। गया में कार्यक्रम में बैठने को लेकर बीजेपी और हम के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह से हालात को काबू में किया।

दरअसल, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा गया के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बने सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन करने के लिए पहुंचने वाले थे। बड़ी संख्या में बीजेपी और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के कार्यकर्ता पहुंचे थे। इसी दौरान दोनों दलों के कार्यकर्ता वीआईपी गैलरी में बैठने के लिए आपस में भिड़ गए।

काफी देर तर बैठने के लिए कार्यकर्ता हंगामा करते रहे। बाद में मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने हंगामा कर रहे कार्यकर्ताओं को समझा बुझाकर शांत कराया। वीआईपी गैलरी में बैठे कार्यकर्ताओं की पुलिस जांच कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने बीजेपी की महिला कार्यकर्ता को हटाकर हम के कार्यकर्ता को बैठा दिया। इसी बात को लेकर कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए।

### बेतिया में अपराधियों का तांडव

## गोली मारी और लूट लिए 5 लाख



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
बेतिया, बेतिया में एक बार फिर से अपराधियों का तांडव देखने को मिला है. बाइक सवार अपराधियों ने एक युवक को गोली मारकर उसके पास से 5 लाख रुपए की लूट ली है. बदमाशों ने दिनदहाड़े हथियार के बल पर वारदात को अंजाम दिया है. घटना के बाद अपराधी आराम से फरार हो गए हैं. इस घटना से लोगों में दहशत का माहौल है.यह मामला बेतिया के सिरसिया थाना क्षेत्र आजाद चौक का है. घायल युवक की पहचान कुमारबाग थाना क्षेत्र बकुचिया गांव निवासी राजन तिवारी के पुत्र आदित्य तिवारी के रूप में हुई है. घायल का इलाज बेतिया जीएमसीएच में चल रहा है. पुलिस इस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है. जगह-जगह के सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है.

### कटिहार में गैंगवार..!

## कुख्यात कारे यादव को अपराधियों ने मारी गोली



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
कटिहार में गैंगवार की वारदात हुई है. अपराधियों ने कुख्यात कारे यादव को अपना निशाना बनाया है. कारे यादव की स्थिति गंभीर है. उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है. इधर पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है.पूरी घटना जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र की है. जहां खेरिया में कुख्यात कारे यादव को अपराधियों ने गोली मार दी. घटना देर रात की बतायी जाती है. आनन फानन में पीड़ित को कुर्सेला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिये भर्ती कराया गया. जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिये हायर सेंटर रेफर कर दिया.

## गहरे पानी में डूबने से दो लड़कों की मौत, गौरा-गणेश विसर्जन के बाद नहाने लगे थे दोनों



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
नालंदा में दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह डूबने से दो किशोर की मौत हो गई। मामला इस्लामपुर एवं पावापुरी ओपी थाना क्षेत्र का है। मृतकों की पहचान इस्लामपुर थाना क्षेत्र के बालमत बीघा निवासी सुबोध साव का 12 वर्षीय पुत्र रवि रोशन कुमार एवं पावापुरी ओपी क्षेत्र के अहदाहा गांव निवासी बृजराज बिहारी के पुत्र पवन कुमार (13) के रूप में की गई है।

**रवि के शव को पानी से बाहर निकाला गया**

रवि रोशन कुमार के चाचा रवि कुमार ने बताया कि तीज पर्व को लेकर रवि रोशन परिवार के साथ गौरा-गणेश विसर्जन को लेकर जलवार नदी के किनारे गया था। नदी में नहाने के दौरान रवि रोशन कुमार का छोटा भाई डूबने लगा। जिस पर आसपास के लोगों की नजर पड़ी। इसके बाद उसे पानी से बाहर निकाला गया। इसी बीच रवि रोशन की खोजबीन की जाने लगी। कुछ लोग घर जाकर पता लगाने पहुंचे तो रौशन घर पर नहीं मिला। इसके उपरांत नदी में खोजबीन की गई तब जाकर रवि रोशन के शव को पानी से बाहर निकाला गया।

बच्चों के साथ स्नान कर रहा था पवन वहीं पवन कुमार के चाचा नंद कुमार ने बताया कि पवन गौरा-गौरी विसर्जन को लेकर गांव के समीप बहरइन पईन में विसर्जन के उपरांत गांव के बच्चों के साथ स्नान कर रहा था। सभी बच्चे स्नान के उपरांत बाहर निकल आए और पवन भी बाहर आ गया। लेकिन, वह फिर से पईन में जाकर नहाने लगा। तभी वह गहरे पानी में डूबने लगा। बच्चों ने घर आकर जानकारी दी। गांव वाले जुटे और पवन को पानी से निकालकर पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

जहां डॉक्टर के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। इस्लामपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार एवं पावापुरी ओपी प्रभारी नारद मुनि सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।